भारतीय गैर न्यायिक INDIA NON JUDICIAL

एक हजार रुपये ONE THOUSAND RUPEES

रु.1000 Rs.1000

INDIA

बिहार BIHAR BB 493256

**Agreement No: -** 23/CMBD/ **CMBD/ MMGSY AWSESH/2025-26**

This Agreement, made the ...November... day of 17.11.2025.

Between Executive Engineer, RWD Works Division Kishanganj-1 of the one Part, and **ALEE RAJA.** Address -Hatgaon, Ward No 03, Phulbari, Kishanganj, Bihar, 855101

Whereas the E/I is desirous that the Contractor execute Construction of road/bridge and performance based Rural Road contract for the Routine Maintenance (output and performance based) of Roads/Construction of Road(hereinafter called **"<u>MMGSY(AWSESH-ST)- Kishanganj-1-41</u> Tender ID- 143209, BID ID- 625165")** The Construction Works & Routine Maintenance") and the E/I has accepted the Bid by the Contractor for the execution of such The Construction Works & Routine Maintenance and the remedying of any defects therein, at a contract price of RS **225,06,455** (Rupess Two Crore Twenty Five Lakh Six Thousand Four Hundred Fifty Five)

Construction Cost: - **208,50,004** Lakh

Maintenance Cost: - **16,56,451** Lakh

**Total Agreement Value: - 225,06,455**(Rupess Two Crore Twenty Five Lakh Six Thousand Four Hundred Fifty Five)

Rate Approved 7.86% Percent Below by CE-4 RWD PURNERA Bihar Letter No-2563 Enc Date-18/09/2025

**Date of Commencement: - 19/09/2025**

**Time of Completion: - 18/09/2026**

Executive Engineer
Rural works Department
Works Division, Kishanganj-1

Executive Engineer
R.W.D. Works Division
Kishanganj-1

PTO

Scanned with OKEN Scanner

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्यप्र मंडल, किशनगंज–1

पत्रांक:– 2619 दिनांक:– 18/09/25

प्रेषक,

ई० विद्यानन्द प्रसाद,
कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग,
कार्य प्रमंडल, किशनगंज–1

सेवामें,

Alee Raja,
At- Phulbari Hatgaon Terhagachh,
Dist- Kishanganj

विषयः–एकरारनामा कर कार्य ससमय पूर्ण करने के संबंध में।
प्रसंगः–मुख्य अभियंता–4, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना का पत्रांक–2563/पटना, दिनांक–18.09.2025

महाशय,

उपर्युक्त विषयक कहना है कि मुख्य अभियंता–4, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना का पत्रांक–2563/पटना, दिनांक–18.09.2025 द्वारा राज्य योजना **MMGSY(AWSESH)** योजनान्तर्गत **MMGSY (AWSESH-ST) Kishanganj-1-41, (Tender id-143209) (Bid id-625165)** का कार्य आपको आवंटित की गई है, आवंटित कार्य मानक विशिष्टियों के अनुरूप निर्धारित समय के अंतर्गत पूर्ण करने की आपकी जवाब देही है।

अतः निदेशित किया जाता है कि आप एकरारनामा प्रपत्रों पर हस्ताक्षरकर NIT में अंकित अवधि के अंतर्गत कार्य पूर्णता की दिशा में अग्रेतर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करें, कार्य समाप्ति की तिथि की गणना कार्यादेश पत्र के निर्गत की तिथि से मान्य होगी एवं इसमें किसी प्रकार का बदलाव नहीं होगा। किसी भी प्रकार की प्रतिकुलता के लिए आप स्वयं जवाब देह होंगे, जिसके लिए SBD के कंडिकाओं के अनुरूप कार्रवाई की जायेगी

विश्वासभाजन

18/9/25

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग,
कार्य प्रमंडल, किशनगंज–1

18.9.25.

Ali Reza.

Scanned with OKEN Scanner

# OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
# RURAL WORKS DEPARTMENT, WORKS DIVISION, KISHANGANJ-1

Letter No. 2620 Date:- 19/09/25

## Letter of Acceptance

To,

Alee Raja,
At- Phulbari Hatgaon Terhagachh,
Dist- Kishanganj

Dear Sir (s),

This is to notify you that Bid dated for execution of the MMGSY (AWSESH-ST) **Kishanganj-1-41, (Tender id-143210) (Bid id-626088)** MMGSY (AWSESH) the Contract Price of **Rs. 2,25,06,455.00 (Two Crore Twenty Five Lakh Six Thousand Four Hundred Fifty Five)** Only. As corrected and modified in accordance with the Instructions to Bidders is hereby accepted by our Agency.

You note that as per bid, you do not intend to subcontract any component of work.

You are hereby requested. to furnish performance security **(Only B.G With SFMS)** for **Rs.451000.00** and additional Performancesecurity for unbalanced bid in terms of ITB clause 27.4 for an amount of **Rs.604000.00** Total **Rs.1055000.00** within 7 days in accordance with the conditions of Contract using for that purpose form in section VIII annex D and sign the contract, Failing which action as stated in para 34.2 of ITB will be taken.

| | |
|---|---|
| 1 | Performance Security<br>2% = 451000.00 |
| 2 | Additional Performance Security<br>5x0.25%= 1.25%<br>2.86x0.50%= 1.43%<br>2.68%=604000.00 |
| | Total= 1055000.00 |

Your's faithfully

18/9/25

Executive Engineer
RWD, Works Division,
Kishanganj-1

18.9.25

Ali Reza

अनुलग्न

मुख्य अभियंता–4 (पूर्णियाँ) का कार्यालय,
ग्रामीण कार्य विभाग।

पत्रांकः–II/मु0अ0–04–प0पु0–01–136/25 2563 दिनांकः– 18.09.25

प्रेषक,

मुख्य अभियंता–4 (पूर्णियाँ),
ग्रामीण कार्य विभाग।

सेवा में,

अधीक्षण अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग,
कार्य अंचल, **किशनगंज।**

विषयः– ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, **किशनगंज 1** के अधीन शीर्ष **MMGSY(AWSESH)** अन्तर्गत **(Tender Id-143209)** के निविदा निष्पादन के संबंध में ।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र के आलोक में सूचित किया जाता है कि ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, **किशनगंज 1** के अधीन शीर्ष **MMGSY(AWSESH)** अन्तर्गत **MMGSY(AWSESH-ST)KISHANGANJ-1-41(Tender Id-143209)** निविदा समूह के वित्तीय बीड के सफल न्यूनतम दर निविदाकार, **ALEE RAJA(Bid ID-625165)** को उनके द्वारा उद्धृत दर परिमाण विपत्र की राशि से **7.86 (सात दशमलव आठ छः ) प्रतिशत** कम अर्थात **रु 2,25,06,455.00 (दो करोड़ पच्चीस लाख छः हजार चार सौ पचपन)** रूपये मात्र पर आवंटित किया जाता है।

कार्यादेश निर्गत करने से पूर्व संबंधित कार्यपालक अभियंता अग्रधन सत्यापन कर सत्यापन प्रतिवेदन अधोहस्ताक्षरी को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे ।

1. निविदा की स्वीकृति सिर्फ इसी कार्य के लिए है, जो भविष्य में पूर्वाधारण नहीं होगा।
2. संवेदक के द्वारा एकरारनामा के लिए जमा की गयी राशि से संबंधित बैंक गारंटी आदि का सत्यापन संबंधित बैंक से कराकर प्रमण्डलीय कार्यालय में अभिलेखित किया जायेगा।
3. एकरारनामा के पूर्व निविदा आमंत्रण सूचना के अनुसार सभी वॉछित कागजातों की अद्यतन स्वच्छ एवं सत्यापित प्रति निश्चित रूप से प्राप्त कर लिया जायेगा। किसी प्रकार कि भिन्नता होने पर एकरारनामा नहीं करेंगे तथा अधोहस्ताक्षरी को सूचित करेंगे।
4. एकरारनामा के समय कार्यपालक अभियंता एवं संवेदक संयुक्त रूप से स्थल निरिक्षण करेंगें तथा प्राक्कलन के प्रावधान, एकरारनामा के मद एवं राशि इत्यादि से संतुष्ट हो लेंगे। तदनुरसार मासिक कार्य योजना जो एकरारनामा का अंश होगा के अनुसार कार्य की प्रगति निरंतर बनाए रखेंगे।
5. कार्य में व्यवहृत सामग्रियों का दर प्राक्कलन में स्वीकृत लीड के आधार पर दिया गया है। कार्य कराते समय अगर इसमें कमी पायी जाती है, तो उसके सापेक्ष दर में कमी कर दी जायेगी।
6. इस कार्य के संबंध में ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार सरकार द्वारा निर्गत प्रशासनिक स्वीकृति एवं प्रावैधिक स्वीकृति तथा निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित शर्त एकरारनामा का भाग होगा, जिसे विशेष शर्तों में जोड़कर संवेदक के साथ एकरारनामा किया जायेगा।
7. कार्यारम्भ के पूर्व निर्धारित अवधि के अन्दर यंत्र–संयत्र स्थल पर स्थापित कराना सुनिश्चित करेंगे।
8. एकरारनामा के पूर्व कार्यपालक अभियंता आश्वस्त हो लेंगे कि संबंधित संवेदक का नाम डिबार सूची/काली सूची में सम्मिलित नहीं है।
9. इस कार्य का व्यय शीर्ष **MMGSY(AWSESH)** से विकलनीय होगा। व्यय को वित्तीय एवं तकनीकी स्वीकृति के राषि के अन्तर्गत ही रखा जाएगा।
10. कार्य की प्रगति प्रतिवेदन प्रत्येक महीने की सातवी तारीख तक निश्चित रूप से इस कार्यालय को समर्पित किया जाना सुनिश्चित करेंगे।

11. यदि सफल निविदादाता विभाग में निबंधित नहीं हैं तो एकरारनामा के पूर्व उन्हें विभाग में विधिवत निबंधन कराना आवश्यक होगा।

12. संबंधित कार्यपालक अभियंता यह सुनिश्चित कर लेंगे कि यह कार्य किसी अन्य योजना के अन्तर्गत स्वीकृत नहीं है एवं किसी अन्य एजेन्सी के द्वारा यह कार्य नहीं कराया जा रहा है।

13. निविदा में किसी प्रकार की त्रुटि पाये जाने पर इसकी सूचना यथाशीघ्र मुख्यालय को भेजा जायेगा एवं निर्देश प्राप्त होने तक निविदा पर अग्रतर कार्रवाई स्थगित रखा जायेगा।

14. सभी निविदा कागजात एवं तुलनात्मक विवरणी की मूल कागजात अग्रेत्तर कार्रवाई हेतु वापस लौटायी जा रही है।

15. अनुमोदित परिमाण विपत्र एवं स्वीकृत प्राक्कलन की प्रत्येक बिन्दू की जाँच कार्यपालक अभियंता अपने स्तर से स्वयं कर लेंगे एवं त्रुटि पाये जाने की स्थिति में वस्तुस्थिति से तत्क्षण अद्योहस्ताक्षरी को अवगत करायेंगे। त्रुटि के सुधारोपरान्त एकरारनामा की कार्रवाई की जाएगी। परिमाण विपत्र की राशि प्रशासनिक अनुमोदन की राशि अनुज्ञेय सीमा से अधिक होने पर एकरारनामा के पूर्व पुनरीक्षित प्रशासनिक अनुमोदन प्राप्त कर लेंगे।

16. किसी भी परिस्थिति में निजी भूमि पर निर्माण कार्य नहीं कराया जाएगा।

17. कार्यपालक अभियंता कार्यादेश प्राप्त होते ही संवेदक को अविलंब LOA (Letter of Acceptance) निर्गत करेंगे एवं CMBD की ITB की कंडिका 33.2 में निहित प्रावधान के आलोक में निर्धारित 15 दिनों के अन्दर एकरारनामा कर लेंगे। संवेदक द्वारा निर्धारित समयावधि में एकरारनामा नहीं करने की स्थिति में CMBD के ITB की कंडिका 34.02 के तहत संवेदक के अग्रधन की राशि जब्त करते हुए इस कार्य की पुनर्निविदा की अग्रेतर कार्रवाई करना सुनिश्चित करेंगे। विशेष परिस्थिति में निर्धारित अवधि के पश्चात् एकरारनामा सम्पादित नहीं होने की स्थिति में विलम्ब के कारण को Proper Justification के साथ अद्योहस्ताक्षरी को समर्पित करेंगे, तथा अद्योहस्ताक्षरी की अनुमति प्राप्त करने के पश्चात् ही एकरारनामा की कार्रवाई करेंगे।

विश्वासभाजन

मुख्य अभियंता–4 (पूर्णियाँ)

ज्ञापांकः– II/मु0अ0–04–प0पु0–01–136 / 25 2563 दिनांकः– 18.09.25

प्रतिलिपिः–कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, **किशनगंज** 1 को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

मुख्य अभियंता–4 (पूर्णियाँ)

ज्ञापांकः– II/मु0अ0–04–प0पु0–01–136 / 25 2563 दिनांकः– 18.09.25

प्रतिलिपिः–नोडल पदाधिकारी, **MMGSY** ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

मुख्य अभियंता–4 (पूर्णियाँ)

ज्ञापांकः– II/मु0अ0–04–प0पु0–01–136 / 25 2563 दिनांकः– 18.09.25

प्रतिलिपिः–अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ समर्पित ।

मुख्य अभियंता–4 (पूर्णियाँ)